# यूपी अब निवेशकों का पसंदीदा राज्य : सहगल

## अपर मुख्य सचिव ने कहा- ओडीओपी के तहत परंपरागत उद्योगों को दिलाई गई वैश्विक पहचान

लखनऊ। एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग के अपर मुख्य सचिव डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन गया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में भी यूपी निवेशकों के लिए अब पसंदीदा राज्य बन गया है। प्रदेश वन ट्रिलियन इकोनॉमी वाला राज्य बनने की ओर अग्रसर है। वे राजकीय पॉलीटेक्निक परिसर में 17 दिसंबर से शुरू हो रहे सहकार भारती के अधिवेशन की पूर्व संध्या पर बृहस्पतिवार को सहकार मेले के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने ओडीओपी के तहत परंपरागत शिल्प और हुनर को पूरे विश्व में पहुंचाने का कार्य किया है। परंपरागत व्यवसायों को आधुनिकता का संबल देकर राज्य सरकार ने कारीगरों और उद्यमियों को स्वयं का व्यवसाय शुरू करने योग्य बनाया। सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश वैद्य ने कहा कि सहकार मेले के माध्यम से स्वयं सहायता समूह, सहकारी संस्थाएं और अन्य संस्थाओं के शिल्पकार अपनी कला का प्रदर्शन लखनऊ में कर रहे हैं। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम दिल्ली के निदेशक संदीप कुमार नायक ने कहा कि सहकार मेलों का आयोजन शिल्पकारों के लिए सर्वश्रेष्ठ अवसर होते हैं। ब्यूरो

लखनऊ में बृहस्पतिवार को राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान में अपर मुख्य सचिव डॉ. नवनीत सहगल ने सहकार मेले का शुभारंभ किया। सहगल ने वहां लगी प्रदर्शनी को भी देखा। -संवाद